RAJASTHAN KALYAN PARTISHAD (Regd.)
C-33, SECTOR -2, NOIDA 201301
EMAIL: rkpnoida1990@gmail.com, Web Site: rkp.org.in

राजस्थान कल्याण परिषद्

माननीय सदस्यगण,

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ।

दिवाली मिलन समारोह दिनांक
22 अक्टूबर, 2019 मंगलवार
को
सामुदायिक भवन, सेक्टर-34, नोएडा
में सांय 6:30 बजे उपरांत
आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण निम्न हैं

1. दीप-सज्जा प्रतियोगिता: दीप-सज्जा दीपावली उत्सव का प्राण हैं। दीवाली के अवसर पर सभी लोग अपने घरों में दीये बड़े उत्साह से जलाते हैं। इसी उत्साह व कौशल को प्रदर्शित करने के लिये परिषद् दीप-सज्जा प्रतियोगिता आयोजित करने जा रही है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये अपना नाम दीप सज्जा की संयोजिका श्रीमती निशी अग्रवाल (मो.:8076224661 ) या श्रीमती अनिता शर्मा (मो.: 8800439580) या श्रीमति मीनाक्षी राठी (मो.: 9871986961) को 20 अक्टूबर तक लिखवायें। दीप सज्जा बनाने का समय सांय 6.30 बजे से 7 बजे तक रहेगा।

2. छप्पन-भोग: दिवाली पर घरों में तरह-तरह के पकवान बनाये जाते हैं। दिवाली मिलन समारोह के अवसर पर सदस्यों से अनुरोध है कि पूजा पर भोग के लिये कोई भी आधा किलो से एक किलो तक मिठाई या नमकीन लेकर आयें। लाने वाले सामान की सूचना 20 अक्टूबर तक इस कार्यक्रम के संयोजक को दें ताकि कोई भी वस्तु कि कम से कम पुनरावृति हो। भोग में आने वाले सभी पकवानों को प्रसाद के रुप में वितरित किया जायेगा।

3. स्टाल्स: दीवाली उत्सव का समय है। बच्चों के द्वारा गेम्स की स्टाल व अन्य स्टाल्स का मिलन के अवसर पर अपना अलग ही आकर्षण है। संस्था के कुछ बच्चों ने इस अवसर पर गेम्स के स्टाल लगाने की इच्छा जाहिर की है। दीवाली मिलन के अवसर पर प्रति स्टाल लगाने का शुल्क निम्न प्रकार रहेगा

संस्था परिवार के बच्चों द्वारा गेम्स की स्टाल - 250/- रूपये
सदस्यों द्वारा व्यावसायिक स्टाल - 2000/- रुपये
गैर सदस्यों द्वारा व्यावसायिक स्टाल - 3000/- रुपये

सदस्य परिवार के लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में स्टाल लगवाने के लिये आगे आयें और अपना स्टाल संयोजक को 20 तारीख तक जरूर लिखवायें।

4. प्रश्नोत्तर: हमारे युवा बच्चों द्वारा मिलन के समय प्रश्नोत्तर का कार्यक्रम रखा जा रहा है। इसमें आप लोगों से सामान्य विषयों पर प्रश्न पूछे जायेंगे, आप इसमें भाग लेकर युवा बच्चों का उत्साह बढायें।

5. डांडिया: नवरात्रा-दिवाली के अवसर पर डांडिया मन में नया उत्साह व उमंग पैदा करता है। संस्था के सदस्य, बच्चे व महिलाएं पारंपरिक परिधान पहन कर खेलें तो इसका अलग ही आनंद आयेगा। सबसे सुंदर पारंपरिक परिधान पहने डांडिया खेलने वाले सदस्य जोड़ी को बेस्ट ड्रेस्ड कपल पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

6. तम्बोला: दिवाली का मुख्य आकर्षण हरदम तम्बोला रहता है। इस अवसर पर अपनों के संग तम्बोला का आनंद उठायें।

7. Early Bird पुरस्कार: मिलन के अवसर पर समय पर आने वाले सदस्य पुरस्कार जीत सकते हैं। जो भी सदस्य परिवार के लोग सांय 7:30 बजे तक आयेंगे वो पुरस्कार के लिये लक्की ड्रा में शामिल होने के अधिकारी होंगे।

आपसे अनुरोध है कि दिवाली मिलन समारोह में सपरिवार समय पर पधार कर उत्साह-पूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम का आनन्द उठायें।

संयोजक

| | |
|---|---|
| संजय राठी | दिनेश माहेश्वरी |
| मो.: 9810189405 | मो.: 9810077440 |